Rajasthan Patrika

EDII

March 14, 2025
Pg.2

ईडीआईआई के गोवा केंद्र ने एक साल में 700 छात्रों को सिखाए उद्यमिता के गुर

अहमदाबाद @ पत्रिका. भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद की मदद से गोवा में स्थापित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान-गोवा ने बीते एक साल में 700 छात्रों को उद्यमिता के गुर सिखाए हैं। 250 विद्यार्थियों को उद्यम शुरू करने का मार्गदर्शन भी दिया।

ईडीआईआई अहमदाबाद के महानिदेशक डॉ.सुनील शुक्ला ने बताया कि 12 मार्च को ईडीआईआई गोवा के एक साल पूरे हुए। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की उपस्थिति में समारोह मनाया गया। इस केन्द्र को स्थापित करने में केन्द्र सरकार की नोडल एजेंसी ईडीसी लिमिटेड का भी योगदान रहा। ईडीसी के 50 साल पूरे हुए हैं। संस्थान ने छत्तीसगढ़, उत्तराखंड में भी ईडी केन्द्र शुरू करने में मदद की है।